दैनिक भास्कर
चुरू 22-03-2025

## चूरू के टाउन हॉल में लगे शिविर में जिले के 570 आशार्थी हुए शामिल

# रोजगार सहायता शिविर लगा, जिले के 348 बेरोजगारों का हुआ चयन

भास्कर संवाददाता | चूरू

टाउन हॉल में शुक्रवार को जिला प्रमुख वंदना आर्य के मुख्य आतिथ्य में रोजगार सहायता शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में लगभग 570 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिसमें से 348 बेरोजगार आशार्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। जिला प्रमुख ने शिविर का शुभारंभ किया।

इस मौके पर जिला प्रमुख आर्य ने कहा कि चूरू और प्रदेश की प्रगति के लिए सभी युवाओं को आगे आकर तथा रोजगार सहायता शिविर के माध्यम से रोजगार के अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू ने अतिथियों का स्वागत किया और व्यवस्थाओं से अवगत करवाया।



चूरू. कंपनी प्रतिनिधियों का अभिनंदन करते अतिथि।

जिला प्रमुख आर्य व रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू ने कंपनी प्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र भेंट कर अभिनंदन किया। उद्योग महाप्रबंधक उजाला ने पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएम विश्वकर्मा योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। जितेंद्र कुमार ने कौशल प्रशिक्षण के बारे में बताया। विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने स्वरोजगार योजनाओं तथा कंपनी प्रतिनिधियों ने उपलब्ध पदों, रिक्तियों और विभिन्न रोजगार अवसरों की जानकारी दी। इस अवसर पर सुशीला कताला, कमलेश कुमार, राजवीर सिंह राठौड़, संदीप न्यौल, संजय गोस्वामी आदि उपस्थित थे। संचालन रवि दाधीच ने किया।